दिन– शनिवार दिनांक– 26 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों के लिये इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. राज्य सरकार बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में पन्द्रह हजार नौ सौ पंचानवे करोड़ रूपये का अनुदान देगी।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल बिहार के नये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाये गये।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने का पूर्वानुमान।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के लिये नवनियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से लोगों को संबोधित भी करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

इधर, पन्द्रहवां रोजगार मेला प्रदेश में दो स्थानों पटना और गया में आयोजित हो रहा है। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित समारोह में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। वहीं, आईआईएम बोधगया में आयोजित समारोह में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

———————————————————

राज्य सरकार बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में पन्द्रह हजार नौ सौ पंचानवे करोड़ रूपये का अनुदान देगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके तहत महीने में पचास यूनिट से अधिक खपत करने वाले ग्रामीण घरेलू और बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को अब चालीस पैसे सस्ती बिजली मिलेगी। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या सवा करोड़ है।

–––बाईट–––

कैबिनेट ने छह शहरों– मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मिकिनगर, भागलपुर और सहरसा में एयरपोर्ट निर्माण सर्वे के लिए भी मंजूरी प्रदान कर दी है। इन शहरों में एयरपोर्ट के सर्वे के लिए दो करोड़ तैंतालीस लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

–––बाइट–––

मंत्रिमंडल ने सीतामढ़ी जिले में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तरह पूरी तरह विकसित करने को भी मंजूरी प्रदान की। इसके लिए उसी डिजाईन कंसल्टेंट का चयन किया गया है, जिसने अयोध्या में राम मंदिर का डिजाईन बनाया था।

–––बाइट–––

कैबिनेट बैठक में तीन हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की भी स्वीकृति मिली है। इसमें पशुपालन विभाग में सबसे अधिक दो हजार एक सौ उनसठ पदों पर नियुक्ति होगी।

———————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल बिहार के नये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। श्री गुंजियाल वर्तमान सीईओ एच.आर. श्रीनिवास का स्थान लेंगे।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश की सभी पंचायतों में कस्टम हायरिंग सेंटर– सीएचसी खोले जायेंगे। इन सेंटरों के माध्यम से लघु और सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र भाड़े पर उपलब्ध होंगे। श्री सिन्हा ने बताया कि अब तक राज्य में कुल नौ सौ पचास सीएचसी की स्थापना की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में दो सौ सड़सठ नये सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

———————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तर बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार इस अवधि में पश्चिम चम्पारण, सीवान,

सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और दरभंगा समेत आस–पास के जिलों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रिकॉर्ड तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया और डिहरी प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। वहीं, मोतिहारी में भीषण उष्ण लहर दर्ज की गयी।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए ने खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और उसके मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए बिहार सहित पांच राज्यों में अठारह स्थानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर में भी की गयी है। एनआईए ने इस दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने आयकर निर्धारण की फेसलेस योजना को विफल करने के मामले में विभाग के डिप्टी कमिश्नर विजेन्द्र और उसके सहयोगी दिनेश कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने इससे पहले फरवरी महीने में पश्चिम चम्पारण, दिल्ली और मुम्बई समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और रिश्वत भुगतान के साक्ष्य बरामद किये थे।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

वैश्विक रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस के पार्थिव शरीर को आज रोम में दफनाया जायेगा। अंतिम संस्कार का विधि–विधान वैटिकन सिटी के सैंट पीटर्स स्क्वॉयर में भारतीय समयानुसार दिन के डेढ बजे शुरू होगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली

भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

गोरखपुर कैंट तीसरी लाईन के निर्माण कार्य के कारण रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे की ओर से चलने वाली रेलगाड़ियों के परिचालन में बदलाव किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जम्मूतवी—भागलपुर, अमरनाथ एक्सप्रेस उनतीस अप्रैल और भागलपुर—जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस एक मई को रद्द रहेगी। वहीं, आठ ट्रेन परिवार्तित मार्ग से चलायी जायेगी।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार आज पटना में बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अन्तर्गत खरीफ दो हजार तेईस मौसम के लाभार्थी किसानों को बत्तीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि का भुगतान करेंगे। इस योजना से चालीस हजार सात सौ अठहत्तर किसान लाभांवित होंगे।

———————————————————————

कैमूर जिले के भभुआ के भगवानपुर प्रखंड स्थित मां मंडेश्वरी धाम परिसर में आज से दो दिवसीय महोत्सव की शुरूआत हो रही है। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————

पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित कलेक्ट्रेट घाट पर नहाने के दौरान तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है— शाह का निर्देश, पाकिस्तानियों को खोज—खोज कर देश से वापस भेजें।

हिन्दुस्तान ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है— सवा करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगी सस्ती बिजली।

प्रभात खबर लिखता है— नीट यूजी दो हजार चौबीस पेपर लीक के मुखिया को ईओयू ने दबोचा।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है— पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकी आदिल और एहसान के घर विस्फोट से उड़ाये।

राष्ट्रीय सहारा ने वक्फ विवाद पर केन्द्र सरकार के सुप्रीम कोर्ट में दिये गये जवाब को प्रमुखता देते हुये लिखा है– संसद से पारित कानून संविधान सम्मत।

आज अखबार की सुर्खी है– सिंधु जल संधि खत्म करने का प्लान तैयार। तीन चरणों में लागू होगा फैसला।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों के लिये इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. राज्य सरकार बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में पन्द्रह हजार नौ सौ पंचानवे करोड़ रूपये का अनुदान देगी।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल बिहार के नये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाये गये।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।